| | |
|---|---|
| जंगल में मंगल | सुनसान स्थान में चहल पहल। |
| जंचा तुला | सुपरिक्षित।सधा या मंजा।अच्छी ठीक ठीक। जिसकी सच्चाई में कुछ भी सन्देह न हो। |
| जंजाल में पड़ना | कठिनता में पड़ना।संकट में पड़ना।उलझन में फंसना। |
| जंजीर डालना | पैर में बेड़ी डालना।बांधना।बंदी करना। |
| जंजीर बजाना | कुंडी खटखटाना। |
| जंजीर लगाना | कुंडी बंद करना। |
| जंतरी में खींचना | तारों को जंते में डालकर पतला और लम्बा करना।सीधा करना।दुरूस्त करना।कज जि निकाल टेढ़ापन दूर करना। |
| जंदरा ढीला होना | कल पुर्जे बेकार होना।हाथ पैर सुस्त होना।नस ढीली होना।थकावट आना। |
| जई डालना | अंकुर निकालने के लिए किसी अन्न को भिगोना या तर स्थान में रखना। |
| जई लेना | किसी अन्न को इस बात की परीक्षा करने के लिए बोना कि वह अंकुरित होगा या नहीं। |
| जक बंधना | रट लगना।धुन लगना।उ०- तव पद चमक चकवाने चंद्रचूड़ चख चितवत एकटक जक बंध गई है। चरण। |
| जकड़बंद करना | खूब कसकर बांधना।अच्छी तरह फंसा लेना।पूरी तरह अपने अधिकार में कर लेना। |
| जख्म ताजा होना | बीते हुए कष्ट का फिर लौट आना।गई हुई विपत्ति का फिर आ जाना।पिछला कष्ट फिर याद आना। |
| जख्म हरा होना | बीते हुए कष्ट का फिर लौट आना। |
| जगत का साला | वह आदमी जिसका धन,बड़प्पन दूसरे की कृपा का फल हो। |
| जगह जगह | सब स्थानों पर।सब जगह। |

| | |
|---|---|
| जटल काफिये उड़ाना | बे सिर पैर की और व्यर्थ बातें करना। |
| जड़ उखाड़ना | समूल नष्ट करना। बुराई करना। अहित करना। |
| जड़ काटना | तबाह करने की कोशिश करना। भारी हानि पहुंचाना। |
| जड़ खोदना | किसी प्रकार की हानि पहुंचाकर या बुराई करके समूल नाश करना। ऐसा नष्ट करना जिसमें वह फिर अपनी पूर्व स्थिति तक न पहुंच सके। अपकार या अहित करना। |
| जड़ जमना | दृढ़ या स्थायी होना। पौधे का अच्छी तरह जम जाना। |
| जड़ पकड़ना | जमना। दृढ़ होना। मजबूत होना। पौधे का अच्छी तरह जम जाना। |
| जड़ पड़ना | नींव पड़ना। बुनियाद पड़ना। चल या बढ़ सकने की स्थिति में होना। |
| जड़ बुनियाद से | समूल। जड़ से। |
| जड़ मूल से | समूल। जड़ से। |
| जड़ में पानी देना | जड़ खोदना। |
| जनम गंवाना | व्यर्थ जनम या समय नष्ट करना। जीवन का सदुपयोग न करना। |
| जनम बिगड़ना | धर्म नष्ट होना। |
| (किसी बात का) जनमघुंटी में पड़ना | जन्म से ही (किसी बात की) आदत पड़ना। जन्म से ही इतना अभ्यस्त हो जाना कि उससे पीछा न छूट सके। |
| जनाना करना | पर्दा करना। स्थान को पर्देवाली स्त्रियों के आने जाने योग्य करना। |
| जनेऊ का हाथ | पटेबाजी या तलवार का एक हाथ जिसमें प्रतिद्वंदी की छाती पर ऐसा आघात लगाया जाता है जैसे जनेऊ पड़ा रहता है। |

| | |
|---|---|
| जन्म जन्म | सदा। नित्य। |
| जन्म बिगाड़ना | बे धर्म होना। धर्म नष्ट होना। |
| जन्म में थूकना | घृणापूर्वक धिक्कारना। |
| जन्म हारना | व्यर्थ जन्म खोना। दास होकर रहना। |
| जब जब | जब कभी। जिस समय। उ०- जब जब होइ धरम की हानी। बाढ़ै असुर अधम अभिमानी। तब तब प्रभु धरि मनुज शरीरा। हरहिं कृपानिधि सज्जन पीरा। । तुलसी । |
| जब तक जीना तब तक सीना | जीवन पर्यन्त किसी काम में लगे रहना। उ०- पेट के बेट बेगारहि में जब लौं जियना तब लौं सियना है। पद्माकर । |
| जब तब | कभी कभी। |
| जब देखो तब | सदा। सर्वदा। हमेशा। |
| जब होता है तब | प्रायः। बराबर। |
| जबड़ा फाड़ना | मुंह खोलना। मुंह फाड़ना। |
| जबह करना | बहुत कष्ट देना। अत्यन्त दुःख देना। |
| जबान खींच लेना | ऐसा कठोर दण्ड देना कि दण्डित व्यक्ति बोलने के योग्य न रह जाय। |
| जबान खींचना | बहुत अनुचित या धृष्टतापूर्ण बातें करने के लिए कठोर दण्ड देना। |
| जबान खुलना | मुंह से बात निकलना। बच्चे का बोलने लगना। |
| जबान खुलवाना | बोलने, जवाब देने या कोई अप्रिय बात कहने को विवश करना। मुंह खुलवाना। |
| जबान खुश्क होना | बहुत प्यासा होना। बहुत बातें करना। |
| जबान खोलना | मुंह से बात निकालना। बोलना। शिकायत करना। |
| जबान चलना | मुंह से जल्दी जल्दी शब्द निकलना। मुंह से अनुचित शब्द निकलना। खाया जाना। मुंह चलना। |

| | |
|---|---|
| जबान चलाना | बोलना, विशेषत: जल्दी जल्दी बोलना। मुंह से अनुचित शब्द निकालना। |
| जबान चलाये की रोटी खाना | चापलूसी से पेट पालना। |
| जबान चाटना | ओठ चाटना। |
| जबान टूटना | (बालक का) क्लिष्ट शब्दों का शुद्ध, स्पष्ट उच्चारण करने लगना। |
| जबान डालना | मांगना। याचना करना। पूछना। प्रश्न करना। |
| जबान थामना | किसी को अपनी बात कहने से रोकना। बोलने न देना। वचन में दोष, गलती निकालना। टोकना। |
| जबान देना | प्रतिज्ञा करना। वचन देना। वादा करना। |
| जबान पकड़ना | बोलने न देना। कहने से रोकना। वचन में दोष निकालना। |
| जबान पर आना | कहा जाना। किसी बात का मुंह से निकलना। |
| जबान पर ताला लगाना | (कुत्सित, व्यर्थ) न बोलना। |
| जबान पर मुहर होना | जबान बंद होना। बोल न सकना। |
| जबान पर रखना | किसी चीज को थोड़ी मात्रा में खाकर उसका स्वाद देखना। चखना। स्मरण रखना। याद रखना। |
| जबान पर लाना | मुंह से कहना। बोलना। बयान करना। |
| जबान पर होना | हर दम याद रहना। स्मरण रहना। चर्चा का विषय होना। |
| जबान पलटना | बात कहकर मुकरना। वचन भंग करना। |
| जबान बंद करना | चुप होना। बोलने से रोकना। विवाद में हराना। |
| जबान बंद रखना | (कुत्सित?व्यर्थ) न बोलना। |
| जबान बंद होना | मुंह से शब्द न निकलना। विवाद में हार जाना। निग्रह स्थान में आना। चुप रहने को विवश होना |

| | |
|---|---|
| जबान बदलना | कही हुई बात से फिर जाना।वचन भंग करना। |
| जबान बिगड़ना | मुंह से अपशब्द निकलने का अभ्यास होना।मुंह का स्वाद इस प्रकार खराब होना कि खाने की चीज अच्छी न लगे।जबान चटोरी होना। |
| जबान में कांटे पड़ना | जबान का सूखकर खुरदरा हो जाना। |
| जबान में खुजली होना | लड़ने,उलझने को जी चाहना। |
| जबान में(पर)ताला लगना | चुप रहना।मौनावलम्बन करना। |
| जबान में लगाम न होना | अनुचित बातें कहने का अभ्यास होना।सोच समझकर बोलने के अयोग्य होना।बिना सोचे समझे बोलने की आदत होना।मुंहफट हो जाना। |
| (मुंह में)जबान रखना | बोलने में,उत्तर देने में समर्थ होना। |
| जबान रूकना | बोलने में अटकना।चुप होना। |
| जबान रोकना | जबान पकड़ना।चुप करना।बोलना बंद करना। |
| जबान सम्भालना | मुंह से अनुचित शब्द निकलने न देना।सोच समझकर बोलना। |
| जबान से निकलना | उच्चारित होना।कहा जाना। |
| जबान हारना | प्रतिज्ञा करना।वचन देना।वादा करना। |
| जबान हिलाना | बोलने का प्रयत्न करना।मुंह से शब्द निकालना। |
| जबाने हाल से कहना | बिना कहे,स्थिति से प्रकट होना। |
| जब्ती में आना | जब्त हो जाना। |
| जब्ह करना | बहुत कष्ट देना। |
| जम हो जाना | न टलना।पीछा न छोड़ना। |
| जमा मारना | अनुचित रूप से किसी का धन ले लेना। |
| जमाना उलटना | समय का एकबारगी बदल जाना।नया युग उपस्थित हो जाना। |
| जमाना छानना | बहुत तलाश करना। |

| | |
|---|---|
| जमाना देखना | अनुभव प्राप्त करना। |
| जमाना देखे होना | अनुभवी होना। |
| जमाना पलटना | अच्छे दिन से बुरे या बुरे दिन से अच्छे दिन आना। |
| जमाना बदलना | अच्छे दिन से बुरे या बुरे दिन से अच्छे दिन आना। |
| जमाने की गर्दिश | समय का उलट-फेर। दिन का फेर। |
| जमीन आसमान एक करना | अत्यधिक परिश्रम या उद्योग करना। बहुत बड़े उपाय करना। हलचल मचाना। दुनिया छान मारना। |
| जमीन व आसमान का फर्क | अत्यधिक अन्तर। आकाश पाताल का अन्तर। |
| जमीन आसमान के कुलाबे मिलाना | बहुत डींग हांकना। बहुत शेखी करना। अत्युक्ति करना। झूठ का पुल बांधना। |
| जमीन का पांव तले से खिसक जाना | भय या घबराहट से खड़ा न रह सकना। |
| जमीन का पांव तले से निकल जाना | भय या घबराहट से खड़ा न रह सकना। |
| जमीन का पैबंद होना | दफन होना। मरना। |
| जमीन चूमना | मुंह के बल गिरना। इस प्रकार गिर पड़ना कि जिसमें जमीन के साथ मुंह लग जाय जमीन से माथा टेककर (राजा आदि को) प्रणाम करना। |
| जमीन दिखाना | गिराना। पटकना। नीचा दिखाना। |
| जमीन देखना | गिर पड़ना। पटका जाना। नीचा देखना। |
| जमीन नापना | अधिक यात्रा करना। बेकार फिरते रहना। |
| जमीन पकड़ना | जम कर बैठना। (कुश्ती में) चित न होना। |
| जमीन पर आना | (कुश्ती में) नीचे आना। |
| जमीन पर चढ़ना | घोड़े को तेज दौड़ने का अभ्यस्त होना। किसी कार्य का अभ्यस्त होना। |
| जमीन पर पांव न पड़ना | बहुत अभिमान होना। |
| जमीन पर पांव न रखना | बहुत इतराना। बहुत अभिमान करना। |

| | |
|---|---|
| जमीन बांधना | किसी कार्य के लिए पहले प्रणाली निश्चित करना अस्तर लगाकर चित्र की जमीन तैयार करना। भूमि का बांधना। पेशबंदी करना। |
| जमीन में गड़ जाना | अत्यन्त लज्जित होना। लज्जा से सिर उठा न सकना |
| जमीन सूंघना | पीनक लेना। ऊंघना। |
| जय बोलना | विजय की कामना। समृद्धि चाहना। |
| जय मनाना | (किसी को) विजय कल्याणा की कामना करना। समृद्धि चाहना। |
| जय हो | आशीर्वाद जो ब्राह्मण लोग प्रणाम के उत्तर में देते हैं। |
| जरदी छाना | किसी मनुष्य के शरीर का रंग बहुत दुर्बलता, खून की कमी या किसी दुर्घटना आदि के कारण पीला हो जाना। |
| जरब देना | चोट लगाना। पीटना। उ०- दगा देत दूतन चुनौती चित्र गुप्तै देत जम को जरब देत पापी लेत शिव लोक को। पद्माकर। गुणा करना। |
| जरीब डालना | भूमि को जरीब से नापना। |
| जरूरियात से फारिग होना | शौचादि से निवृत्त होना। |
| जल बलना | जलना। |
| जल भुनकर कबाब होना | बहुत क्रुद्ध होना। आग बबूला होना। |
| जल भुनकर कोयला होना | बहुत क्रुद्ध होना। आग बबूला होना। |
| जल-भुनना | जलना। कुढ़ना। |
| जल मरना | डाह या ईर्ष्या आदि के कारण बहुत कुढ़ना। द्वेष आदि के कारण बहुत व्यथित हो उठना। आत्मघात करना। जलकर मर जाना। उ०- तुम अपनायो तब जनिहौं जब मन फिरि परिहै। हरखिहै न अति आदरे निदरे न जरि मरिहै। तुलसी। |

| | |
|---|---|
| जलकर कबाब होना | बहुत क्रुद्ध होना। आग बबूला होना। |
| जलकर कोयला होना | बहुत क्रुद्ध होना। आग बबूला होना। |
| जलकर खाक होना | अति कुपित होना। आग बबूला होना। |
| जलकर लाल होना | अति कुपित होना। आग बबूला होना। |
| जलती आग | भयानक आपत्ति। |
| जलती आग में कूदना | जान बूझकर भारी विपत्ति में फंसना। |
| जलती आग में घी डालना | झगड़ा बढ़ाना। ऐसी बात करना जिससे क्रोध और बढ़ जाय। |
| जलती आग में तेल डालना | झगड़ा बढ़ाना। ऐसी बात करना जिससे क्रोध और बढ़ जाय। |
| जलन निकालना | द्वेष या ईर्ष्या से उत्पन्न इच्छा पूरी करना। |
| जला-बला | क्रोध में उबलता हुआ। बहुत क्रुद्ध। |
| जला जला कर मारना | बहुत दुःख देना। खूब तंग करना। |
| जला भुना | अति कुपित। क्रोध में उबलता हुआ। |
| जली-कटी | वह लगती हुई बात जो द्वेष, डाह या क्रोध के कारण बहुत व्यथित होकर कही जाय। तीखे व्यंग्य (सुनाना) |
| जली-कटी सुनाना | डाह या क्रोध आदि के कारण कड़वी बातें कहना। |
| जले को जलाना | दुखी को दुःख देना। |
| जले पर नमक छिड़कना | किसी दुखी या व्यथित मनुष्य को और अधिक दुःख या व्यथा पहुंचाना। |
| जले पर लोन देना | दुःख पर दुःख देना। उ०- अति कटु वचन कहै कैकेई। मानो लोन जले पर देई। तुलसी। |
| जले पांव की बिल्ली | जो स्त्री हरदम घूमती फिरती रहे और एक स्थान पर न ठहर सके। |
| जले फफोले फोड़ना | दुखी या व्यथित को किसी प्रकार, विशेषकर अपना बदला चुकाने की इच्छा से और अधिक दुखी या व्यथित करना। भड़ास निकालना। |

| | |
|---|---|
| जवानी उठना | यौवन का प्रारम्भ होना। तरुणाई का आरम्भ होना। |
| जवानी उतरना | उमर ढलना। बुढ़ापा आना। |
| जवानी चढ़ना | यौवन का आगमन होना। तरुणाई का प्रारम्भ होना। मद पर आना। मदमत्त होना। |
| जवानी ढलना | जवानी उतरना। बुढ़ापा आना। युवावस्था का जाता रहना। |
| जवानी दीवानी है | जवानी के जोश में आदमी बहुत सी भूलें करता है। |
| जवानी फटी पड़ना | यौवन का पूर्ण विकास होना। जवानी का खिल उठना। |
| जवानी में मांझा ढीला | भरी जवानी में अशक्तता दिखाना। |
| जवानी से फल पाये | जवानी से सुख भोगे (आशीर्वाद)। |
| जवाब तलब करना | (किसी बात का) कारण पूछना। |
| जवाब देना | नौकरी से अलग करना। इनकार करना। छोड़ना। अलग होना। बेकार होना। |
| जवाब मिलना | निषेधात्मक उत्तर मिलना। |
| जहन्नुम में जाय | चूल्हे में जाय। हमें कोई सम्बन्ध नहीं। (इस मुहावरे का प्रयोग दु:ख जनित उदासीनता प्रकट करने के लिए होता है)। |
| जहमत उठाना | दु:ख भोगना। |
| जहमत में पड़ना | झंझट में फंसना। बखेड़े में पड़ना। |
| ज़हर उगलना | मर्मभेदी बात कहना। द्वेषपूर्ण बात कहना। जली-कटी कहना। |
| ज़हर कर देना | किसी खाद्य पदार्थ को इतना कड़ुवा कर देना कि उसका खाना कठिन हो जाय। अत्यधिक कटु, अप्रिय या दु:खद बात कह देना कि भोजन का स्वाद - सुख जाता रहे। अप्रिय बना देना। |

| | |
|---|---|
| ज़हर का घूंट | बहुत कड़ुवा।बे स्वाद या कड़ुवा होने के कारण खाने योग्य।अति अप्रिय,असह्य बात। |
| ज़हर का घूंट पीना | विवशता के कारण क्रोध को मन ही मन दबा रखना।क्रोध को प्रकट न होने देना।अत्यधिक क्रोध आने पर भी चुप रह जाना।असह्य को सह लेना। |
| ज़हर का घूंट पीकर रह जाना | विवशता के कारण क्रोध को मन ही मन दबा रखना।क्रोध को प्रकट न होने देना।अत्यधिक क्रोध आने पर भी चुप रह जाना।असह्य को सह लेना। |
| ज़हर का बुझाया हुआ | बहुत अधिक उपद्रवी या दुष्ट। |
| ज़हर की पुड़िया | भारी उपद्रवी। |
| (किसी बात पर)ज़हर खाना | किसी बात से खिन्न,दुःखी होकर आत्महत्या का यत्न करना। |
| ज़हर देना | ज़हर पिलाना।ज़हर खिलाना। |
| ज़हर मार करना | अनिच्छा या अरूचि होने पर भी जबरदस्ती खाना। |
| ज़हर मारना | विष के प्रभाव या शक्ति को दबानाया शान्त करना। |
| ज़हर मिलाना | किसी बात को अप्रिय कर देना। |
| ज़हर में बुझाना | धारदार (तीर,छुरी,तलवार,कटार आदि) हथियारों को विषाक्त करना।किसी बात या काम को अप्रिय बनाना। |
| ज़हर लगना, | बहुत अप्रिय जान पड़ना। |
| जहाँ का तहाँ = | जिस जगह पर हो, उसी जगह पर। |
| जहाँ तहाँ = | इतस्ततः। इधर उधर। सब जगह। सब स्थानों पर। |
| जहाज का कौआ | वह कौआ जो किसी जहाज के छूटने के समय उस पर बैठ जाता है और जहाज के बहुत दूर समुद्र में निकल जाने पर जब वह उड़ता है तब चारों ओर कहीं स्थल न देखकर फिर उसी जहाज पर आ बैठता है।उ०- सीतापति रघुनाथ जू तुम लग मेरी दौर।जैसे काग जहाज को सूझत और न ठौर। तुलसी। बहुत बड़ा धूर्त।भारी चालाक। |
| जा धमकना | एकाएक पहुंच जाना। |

| | |
|---|---|
| जा निकलना | अचानक पहुंच जाना। |
| जा पड़ना | अकस्मात् जा पहुंचना। |
| जा पहुंचना | अकस्मात पहुंचना। |
| जा रहना | किसी स्थान पर जाकर वहां ठहरना। टिकना। |
| जा लेना | आगे बढ़कर किसी के पास पहुंचना या साथ होना। भागनेवाले को पकड़ लेना। |
| जांगर थकना | शरीर का थकना, शिथिल होना। पौरूष का जवाब देना। |
| जागता | प्रत्यक्ष। साक्षात। उ०- जाहिरै जागति सी जमुना जब बूड़े बहै उमहै वह बेनी। पद्माकर। प्रकाशित। आसिमान। |
| जादू उतरना | जादू का असर दूर होना। |
| जादू चलना | जादू का असर होना। बात का असर होना। |
| जादू जगाना | प्रयोग प्रारम्भ करने से पहले जादू को चैतन्य करना। |
| जादू डालना | जादू करना। |
| जादू मारना | जादू का प्रयोग करना। |
| जादू वह जो सिर पर चढ़कर बोले | उपाय वही अच्छा है जो सफल हो और विरोधी को भी मानना पड़े। |
| जान आंखों में आ जाना | आसन्नमरण होना। |
| जान आना | जी ठिकाने होना। चित्त में धैर्य होना। चित्त स्थिर होना। शांति होना। शोभा बढ़ना। ओज बढ़ना। |
| जानकर अनजान होना | किसी बात के विषय में जानकारी रखते हुए भी किसी को चिढ़ाने, धोखा देने या अपना मतलब निकालने के लिए अपनी अनभिज्ञता प्रकट करना। |
| जान का अज़ाब | जी का जंजाल, झंझट, बखेड़ा। |
| जान का गाहक | प्राण लेने की इच्छा रखनेवाला। मार डालने का यत्न करनेवाला। भारी शत्रु। बहुत तंग करनेवाला। पीछा न छोड़नेवाला। |

| | |
|---|---|
| जान का नुकसान | प्राण हानि। किसी दुर्घटना में मनुष्यों का मरना या मारा जाना। |
| जान का रोग | ऐसा दुःखदायी व्यक्ति या वस्तु जो पीछा न छोड़े। सब दिन कष्ट देनेवाला। भारी जंजाल। |
| जान का लागू | जान का दुश्मन। |
| जान की अमान | प्राणरक्षा, प्राणदान (पाना, मांगना)। |
| जान की खैर | प्राणरक्षा। कुशल। |
| जान की तरह रखना | तनिक भी कष्ट न पहुंचने देना। सुख-सुपास का विशेष ध्यान रखना। बहुत सम्भालकर रखना। |
| जान की पड़ना | जान बचाने की चिन्ता होना। प्राण भय होना। |
| जान के लाले पड़ना | प्राण बचना कठिन दिखाई देना। जी पर आ बनना। उबरने की आशा न रहना। |
| जान को जान न समझना | प्राण जाने की परवाह न करना। अत्यधिक कष्ट सहना या परिश्रम करना। किसी को अत्यन्त काट या दुःख देना। किसी के साथ निष्ठुर व्यवहार करना। |
| (किसी की) जान को रोना | किसी के कारण कष्ट पाकर उसका स्मरण करते हुए दुखी होना। किसी के द्वारा पहुंचाये हुए कष्ट को याद करके दुखी होना। |
| जान खपाना | (किसी काम में) बहुत श्रम करना। कष्ट उठाना। |
| जान खाना | तंग करना। बार बार घेरकर परेशान करना। किसी बात के लिए बार बार कहना। |
| जान खोना | जान देना। किसी दुःख में घुलना। |
| जान चुराना | किसी काम से भागना। |
| जान छुड़ाना | प्राण बचाना। किसी झंझट से छुटकारा करना। किसी अप्रिय या कष्टदायक वस्तु को दूर करना। संकट टालना। छुटकारा करना। निस्तार करना। पीछा छुड़ाना। |

| | |
|---|---|
| जान छूटना | किसी झंझट या आपत्ति से छुटकारा मिलना। किसी अप्रिय या कष्टदायक वस्तु का दूर होना। निस्तार होना। |
| जान जाना | प्राण निकलना। मृत्यु होना। किसी पर अत्यधिक प्रेम होना। |
| जान जोखिम होना | प्राण जाने का भय होना। |
| जान दूभर होना | जीवन कटना कठिन जान पड़ना। जीना भार मालूम होना। दुःख पड़ने के कारण जीने की इच्छा न रह जाना। |
| जान देना | प्राण त्याग करना। मरना। किसी के किसी कर्म के कारण प्राण त्याग करना। किसी के किसी काम से रुष्ट या दुखी होकर मरना। किसी पर प्राण न्योछावर करना। किसी को प्राण से बढ़कर चाहना किसी को अत्यधिक चाहना। किसी वस्तु के लिए अत्यधिक व्यग्र होना। किसी वस्तु की प्राप्ति या रक्षा के लिए बेचैन होना। दांत से पकड़े रहना। व्यय या हानि सह न सकना। |
| जान निकलना | प्राण निकलना। मरना। प्राण सूखना। डर लगना। अत्यधिक कष्ट होना। घोर पीड़ा होना। |
| जान निसार करना | दूसरे के लिए मरना। प्राणोत्सर्ग करना। |
| जान पड़ना | प्राण संचार होना। शक्ति आना। हरा-भरा होना। मालूम होना। अनुभव होना। |
| जान पर आ बनना | प्राण भय होना। प्राण बचना कठिन दिखाई देना। आपत्ति आना। चित्त संकट में पड़ना। हैरानी होना। नाक में दम होना। गहरी व्यग्रता होना। |
| जान पर खेलना | प्राणों को भय में डालना। जान-जोखों में डालना। |
| जान पर नौबत आना | जान जाने का डर होना। भारी संकट में पड़ना। |
| जान बचाना | प्राण रक्षा करना। पीछा छुड़ाना। किसी कष्टदायक या अप्रिय वस्तु को दूर रखना। निस्तारण करना। |

| | |
|---|---|
| जान-बूझकर | भूल से नहीं। अनजान में नहीं। पूरे संकल्प के साथ। नीयत के साथ। |
| जान भारी होना | जीना दुःखद हो जाना। जिन्दगी से ऊब जाना। |
| जान मारकर काम करना | जी तोड़कर काम करना। अत्यधिक परिश्रम से काम करना। |
| जान मारना | प्राण हत्या करना। सताना। दुःख देना। तंग करना। अत्यधिक परिश्रम कराना। |
| जान में | जानकारी में। जहां तक कोई जानता है वहांतक। |
| जान में जान आना | धैर्य बंधना। ढाढस होना। चित्त स्थिर होना। व्यग्रता, घबड़ाहट या भय आदि का दूर होना। |
| जान में जान होना | जिन्दा होना (जब तक जान में जान है)। |
| जान रखना | समझ रखना। ध्यान में रखना। मन में बैठाना। हृदयंगम करना। |
| जान लड़ाना | जी जान से, जी तोड़ कोशिश करना। |
| जान लबों पर आना | आसन्नमरण होना। प्राणांतक कष्ट होना। |
| जान लेना | मार डालना। प्राणघात करना। तंग करना। दुःख देना। पीड़ित करना। |
| जान सी निकलने लगना | कठिन पीड़ा होना। बहुत दुःख होना। |
| जान सूखना | प्राण सूखना। भय के मारे स्तब्ध होना। होश हवास उड़ना। अत्यधिक कष्ट होना। बहुत बुरा लगना। खलना |
| जान सूली पर होना | जान खतरे में होना। भारी परेशानी में होना। |
| जान से गुजर जाना | मर जाना। |
| जान से जाना | प्राण खोना। मरना। |
| जान से तंग आना | जीना असह्य हो जाना। जीने से ऊब जाना। |
| जान से बेज़ार होना | जीना असह्य हो जाना। जीने से ऊब जाना। |
| जान से मारना | मार डालना। प्राण ले लेना। |

| | |
|---|---|
| जान से हाथ धोना | प्राण गंवाना। मर जाना। |
| जान हलाकान करना | सताना। तंग करना। हैरान करना। |
| जान है तो जहान है | दुनिया का सब सुख जिन्दगी के साथ है। |
| जान होठों पर आना | प्राण कंठगत होना। प्राण निकलने पर होना। अत्यन्त कष्ट होना। घोर पीड़ा होना। |
| जाने देना | छोड़ देना। क्षमा कर देना। |
| जाने दो | क्षमा करो। त्याग करो। छोड़ दो। चर्चा छोड़ो। प्रसंग छोड़ो। ध्यान मत दो। |
| जाम चलना | शराब का दौर चलना। प्याले पर प्याला पीते जाना। |
| जामे में फूला न समाना | अत्यन्त आनन्दित होना। |
| जामे से बाहर होना | आपे से बाहर होना। अत्यधिक क्रोध करना। अति प्रसन्न होना। |
| जायजा देना | हिसाब समझाना। |
| जायजा लेना | पड़ताल करना। जांचना। |
| जारी करना | निकालना। चलाना। आरम्भ करना। |
| जाल डालना | पानी में जाल फेंकना, फैलाना। |
| जाल फैलाना | चिड़ियाँ आदि को फंसाने के लिए जाल लगाना। किसी को फंसाने के लिए युक्ति करना। |
| जाल फेंकना | पानी में जाल फेंकना, फैलाना। |
| जाल बिछाना | फंसाने की युक्ति रचना। |
| जाल में फंसना | धोखा खाना। किसी के फरेब में आना। |
| जिन्दगी के दिन पूरा करना | दिन काटना। जीवन बिताना। मरने को होना। आसन्न मृत्यु होना। |
| जिन्दगी बसर करना | जीवन बिताना। जीवन-यापन करना। |

| | |
|---|---|
| जिन्दगी से बेजार होना | जीने से निराश होना।जीवन से मृत्यु को अधिक पसन्द करना। |
| जिन्दगी में मौत का मजा चखना | बहुत कष्ट भोगना। |
| जिउ तपना | जी जलना। |
| जिगर कबाब होना | कलेजा पकना।बुरी तरह कुढ़ना। |
| जिगर के टुकड़े होना | दिल पर भारी दुःख होना। |
| जिगर थामकर बैठ जाना | असह्य आघात,पीड़ा से व्याकुल होना। |
| जिद चढ़ना | हठ करना। |
| जिद पकड़ना | हठ करना। |
| जिद पर आना | हठ करना।अड़ना। |
| जिन्न का साया | जिन्न का सिर पर सवार होना। |
| जिन्न चढ़ना | गुस्से में पागल होन जाना। |
| जिन्न सवार होना | गुस्से में पागल हो जाना। |
| जिधर तिधर | जहां तहां।इधर उधर।बे ठिकाने। |
| जियाफत करना | आदर सत्कार करना।खाना खिलाना।भोज देना। |
| जियारत लगना | मेला लगना।दर्शन के लिए दर्शकों की भीड़ होना। |
| जिरह काढ़ना | खोद विनोद करना।अत्यधिक पूछ-ताछ करना।बात में बात निकालना।खुचुर निकालना। |
| जिला देना | किसी वस्तु को मांजकर तथा रोगन आदि चढ़ाकर चमकाना।रिकली करना। |
| जिला बोलना | द्वयर्थक बात कहना।व्यंग्योक्ति करना। |
| जिल्लत उठाना | अपमानित होना।तुच्छ होना।हेठा ठहरना। |
| जिल्लत देना | अपमानित करना।लज्जित करना।हेठा ठहराना। |
| जिल्लत पाना | अपमानित होना। |

| | |
|---|---|
| जिसका खाना गुर्राना | जिसका अन्न खाना उसी को आंख दिखाना। उपकार न मानना। |
| जिहन जुलना | बुद्धि का विकास होना। |
| जिहन में आना | समझ में आना। |
| जिहन लड़ना | बुद्धि का काम करना। बुद्धि पहुंचना। |
| जिहन लड़ाना | सोचना। बुद्धि दौड़ाना। ऊहापोह करना। |
| जिह्वाग्र करना | कंठस्थ करना। किसी विषय को इस प्रकार रटना या घोटना कि उसे जब चाहे तब कह डाले। उ०- अमुष्य विद्या जिह्वाग्र नर्तकी। नैष०। |
| जिह्वाग्र होना | जबानी याद होना। |
| जी अच्छा होना | चित्त स्वस्थ होना। रोग आदि की पीड़ा या बेचैनी न रहना। निरोग होना। |
| (किसी पर)जी आना | (किसी से)प्रेम होना। हृदय का किसी के प्रेम में अनुरक्त होना। |
| जी उकताना | चित्त का उचाट होना। चित्त न लगना। एक ही अवस्था में बहुत काल तक रहते रहते परिवर्तन के लिए चित्त व्यग्र होना। तबीयत घबड़ाना। |
| जी उचटना | चित्त न लगना। चित्त का प्रवृत्त न होना। मन हटना। किसी कार्य,वस्तु या स्थान आदि से विरक्ति होना। |
| जी उठना | चित्त न लगना। चित्त का प्रवृत्त न होना। मन हटना। किसी कार्य,वस्तु या स्थान आदि से विरक्ति होना। मरे हुए का जी जाना। सूखे हुए का हरा हो जाना। |
| जी उठाना | चित्त हटाना। मन फेर लेना। विरक्त होना। अनुरक्त न रहना। |
| जी उड़ जाना | भय,आशंका आदि से चित्त सहसा व्यग्र हो जाना। चित्त चंचल हो जाना। धैर्य जाता रहना। जी में घबराहट होना। |

| | |
|---|---|
| जी उदास होना | चित्त खिन्न होना। |
| जी उकताना | दिल घबराना। |
| जी उलट जाना | मन का वश में न रहना। चित्त चंचल और अव्यवस्थित हो जाना। चित्त विक्षिप्त हो जाना। होश हवास जाता रहना। मन फिर जाना। चित्त विरक्त होना। |
| जी करना | हिम्मत करना। हौसला करना। साहस करना। जी चाहना। इच्छा होना। |
| जी कलपाना | चित्त को दुःख पहुंचाना। |
| जी कांपना | भय, आशंका आदि से कलेजा धक धक करना। हृदय थर्राना। डर लगना। |
| जी का | जीवटवाला। जीगरेवाला। साहसी। हिम्मती। उ०- धनी धरनी के नीके आपुनी अनी के संगी आवैं जुरि जीके मों नजी के गरजी के सों। गोपाल। |
| जी का गाहक होना | प्राण लेनेवाला होना। मार डालने की ताक में रहनेवाला होना। |
| जी का बुखार निकालना | हृदय का उद्वेग बाहर करना। क्रोध, शोक, दुःख आदि के वेग को रो-कलप कर या बक-झक कर शान्त करना। मन का दुःख या व्यथा कहकर प्रकट करना। और इस प्रकार जी हलका करना। |
| जी का बोझ हलका होना | ऐसी बात का दूर होना जिसकी चिंता चित्त में बराबर रहती आई हो। खटका मिटना। चिन्ता दूर होना। |
| जी की अमान मांगना | प्राण रक्षा की प्रार्थना करना। किसी काम के या किसी बात के कहने के पहले उस मनुष्य से प्राण रक्षा करने या अपराध क्षमा करने की प्रार्थना करना जिसके विषय में यह निश्चय हो कि उसे उस काम के होने या उस बात के सुनने से अवश्य दुःख पहुंचेगा। |
| जी को आ लगना | प्राणों पर आ बनना। प्राण बचना कठिन हो जाना। संकट से पीछा छुड़ाना कठिन हो जाना। |

| | |
|---|---|
| जो को घुंडो खोलना | हृदय की गांठ खोलना। चित्त से दुर्भाव या द्वेष निकालना। |
| जो को जो में रहना | मनोरथों का पूरा न होना। मन में ठानी, सोची या चाही हुई बातों का न होना। |
| जो को निकालना | मन की उमंग पूरी करना। मनोरथ पूरा करना। हृदय का उद्गार निकालना। क्रोध, दुःख, द्वेष आदि को बक-फक कर शांत करना। बदला लेने की इच्छा पूरी करना। |
| जो की पड़ना | प्राण बचाने की चिंता होना। प्राण बचाना कठिन हो जाना। ऐसी भारी फंफट में फंस जाना कि पीछा छुड़ाना कठिन हो जाय। उ०- सब असबाब दाढ़ो मैन काढ़ो तैन काढ़ो जिय की परी समारे सहन मंडार को। तुलसी। |
| (किसी के) जो को जो समझना | किसीके के विषय में यह समझना कि वह भी जीव है, उसे भी कष्ट होगा। दूसरे के कष्ट को समझना। दूसरे को क्लेश न पहुंचाना। दूसरे पर दया करना। |
| (किसी के) जो को जो न समझना | (किसी के) कष्टों आदि की कुछ भी परवाह न करना। |
| जो को न लगना | चित्त में अनुभव होना। हृदय में वेदना होना। सहानुभूति होना। प्रिय लगना। भाना। अच्छा लगना। |
| जो को मारना | मन की इच्छाओं को रोकना। चित्त के उत्साहों को न पूरा करना। सन्तोष धारण करना। |
| जो को रोग लगाना | किसी बात की चिंता करना। |
| जोको लगना | दिल पर असर होना। चोट पहुंचना। |
| जो खटकना | चित्त में खटका या सन्देह उत्पन्न होना। हानि आदि की आशंका से (किसी काम के करने से) जो हिचकना। |
| जो खट्टा करना<br>उत्पन्न करना। | जो फेर देना। चित्त में घृणा या विरक्ति उत्पन्न कर देना। चित्त विरक्त करना। हृदय में दुर्भाव उत्पन्न ... न पावे। |

| | |
|---|---|
| जी खट्टा होना | चित्त हट जाना। मन फिर जाना या विरक्त होना। अनुराग न रहना। घृणा होना। चित्त अप्रसन्न होना। |
| जी खपाना | चित्त तन्मय करना। (किसी काम में) जी लगाना। नितान्त दत्तचित्त होना। जी तोड़कर किसी काम में लगाना। प्राण देना। अत्यन्त कष्ट उठाना। |
| जी खरा खटा होना | चित्त चलायमान होना। मन डिगना। बुरी नियत होना। |
| जी खुलना | संकोच छूट जाना। धड़क खुल जाना। किसी काम के करने में हिचक न रह जाना। |
| जी खोना | जान देना। दिल का हाथ में न रहना। |
| जी खोलकर | बेधड़क। बिना किसी संकोच के। बिना किसी प्रकार के भय या लज्जा के। बिना हिचके। जितना जी चाहे बिना अपनी ओर से कोई कमी किये। मनमाना। यथेष्ट। |
| जी गंवाना | प्राण देना। जान खोना। |
| जी गिरा जाना | जी बैठा जाना। तबीयत सुस्त होती जाना। शिथिलता आती जाना। |
| जी घबराना | चित्त व्याकुल होना। मन व्यग्र होना। मन न लगना। जी ऊबना। |
| जी चलना | जी चाहना। इच्छा होना। जी आना। चित्त मोहित होना। |
| जी चला | वीर। शूर। दानवीर। उदार। रसिक। सहृदय। |
| जी चलाना | इच्छा करना। मन दौड़ाना। चाह करना। हिम्मत बांधना। साहस करना। हौसला बढ़ाना। |
| जी चाहना | मनोभिलाष होना। मन चलना। इच्छा होना। |
| जी चुराना | ~~किसी काम या बात से बचने के लिए हीला हवाली करना या युक्ति रचना~~। किसी काम से भागना। मन न लगना। |
| जी चाहे | यदि इच्छा हो (तो)। यदि मन में आवे। |

| | |
|---|---|
| जी छुपाना | किसी काम या बात से बचने के लिए हीला हवाली करना या युक्ति रचना। किसी काम से भागना। |
| जी छूटना | हृदय की दृढ़ता न रहना। साहस दूर होना। निराश होना। उत्साह जाता रहना। थकावट आना। शिथिलता आना। |
| जी छोटा करना | उत्साह कम करना। मन उदास करना। हृदय संकुलित करना। उदारता छोड़ना। कंजूसी करना। |
| जी छोड़कर भागना | हिम्मत हारकर बड़े वेग से भागना। एकदम भागना। ऐसा भागना कि दम लेने के लिए भी न ठहरना। |
| जी छोड़ना | प्राण त्याग करना। मरना। हृदय की दृढ़ता खोना। साहस गंवाना। हिम्मत हारना। |
| जी जलना | चित्त संतप्त होना। हृदय में संताप होना। चित्त में कुढ़ना और दुःख होना। क्रोध आना। गुस्सा लगना। ईर्ष्या होना। डाह होना। |
| जी जलाना | चित्त संतप्त करना। हृदय में क्रोध उत्पन्न करना। कुढ़ाना। चिढ़ाना। हृदय में दुःख उत्पन्न करना। रंज पहुंचाना। दुखी करना। चित्त व्यथित करना। सताना। ईर्ष्या या डाह उत्पन्न करना। |
| जी जान लड़ाना | मन लगाना। दत्तचित्त होना। |
| जी जान से | हृदय से। सारा एकाग्रचित होकर। पूरी शक्ति से। |
| जी जानता है | हृदय ही अनुभव करता है, कहा नहीं जा सकता। सही हुई कठिनाई, दुःख, पीड़ा आदि वर्णन के बाहर है। |
| जी टंगा रहना | चित्त में ध्यान या चिंता रहना। जी में खटका बना रहना। चित्त चिंतित रहना। |
| जी टंगा होना | किसी बात की चिन्ता लगी रहना। खटका बना रहना। |
| जी टूट जाना | उत्साह भंग हो जाना। उमंग या हौसला न रह जाना। नैराश्य होना। उदासीनता होना। |

**जी ठंढा होना** — चित्त शांत और सन्तुष्ट होना। अभिलाषा पूरी होने से हृदय प्रफुल्लित होना। चित्त में सन्तोष और प्रसन्नता होना।

**जी ठुकना** — मन को सन्तोष होना। चित्त स्थिर होना। चित्त में दृढ़ता होना। साहस होना। हिम्मत बंधना।

**जी डालना** — शरीर में प्राण डालना। जीवित करना। प्राण रक्षा करना। मरने से बचाना। हृदय मिलाना। प्रेम करना।

**जी डूबना** — बेहोशी होना। मूर्छा आना। चित्त विह्वल होना। चित्त स्थिर न रहना। घबराहट और बेचैनी होना। चित्त व्याकुल होना।

**जी ढहा जाना** — चित्त विह्वल होता जाना। चित्त ठिकाने न रहना। चैतन्य न रहना। मूर्च्छा सी आना।

**जी तपना** — जी जलना। चित्त क्रोध से सन्तप्त होना। क्रोध चढ़ना। उ०- सुनि गज जूह अधिक जिउ तपा। सिंह जात कहुं रह नहिं छपा। जायसी।

**जी तरसना** — किसी वस्तु या बात के अभाव से चित्त व्याकुल होना किसी वस्तु को प्राप्ति के लिए अधीर या दुखी होना। किसी बात की इच्छा पूरी न होने का कष्ट होना।

**जी तले ऊपर होना** — जी मचलाना। जी ऊबना। चित्त घबराना।

**जी दहलना** — भय या आशंका से चित्त डांवाडोल होना। डर से हृदय कांपना। डर के मारे जी ठिकाने न रहना। अत्यन्त भय लगना। डर के मारे छाती धक धक करना।

**जी-दान** — प्राणदान। प्राण रक्षा।

**जी दार** — जीवटवाला। दृढ़ हृदय का। साहसी। हिम्मतवर।

**जी दुःखना** — चित्त को कष्ट पहुंचना। हृदय में दुःख होना।

**जी दुखाना** — चित्त व्यथित करना। हृदय को कष्ट पहुंचाना। दुःख देना। सताना। मानसिक कष्ट पहुंचाना। मन में दुःख उत्पन्न करना।

| | |
|---|---|
| जी देना | प्राण खोना। मरना। दूसरे की प्रसन्नता या रक्षा के लिए प्राण देने के लिए प्रस्तुत रहना। प्राण से बढ़कर प्रिय समझना। अत्यधिक प्रेम करना। |
| जी दौड़ना | मन चलना। इच्छा होना। लालसा होना। |
| जी धक धक करना | कलेजे का भय आदि के आवेग से जोर जोर उछलना। भय या उद्वेग से जी धड़कना। डर लगना। |
| जी धक धक होना | कलेजे का भय आदि के आवेग से जोर जोर उछलना। जी धड़कना। डर लगना। |
| जी धक से होना | उद्वेग या घबराहट होना। आशंका होना। भय होना। जी दहलना। |
| जी धक हो जाना | भय या उद्वेग से जी धड़क उठना। डर से जी दहल जाना। चौंक उठना। |
| जी धड़कना | भय या आशंका से चित्त स्थिर न रहना। कलेजा धक धक करना। डर के मारे हृदय में घबराहट होना। डर लगना। चित्त में दृढ़ता न होना। साहस न होना। |
| जी निकलना | प्राण छूटना। प्राण निकलना। मृत्यु होना। भय से चित्त व्याकुल होना। डर लगना। प्राण सूखना। |
| जी निढाल होना | चित्त का स्थिर न रहना। चित्त ठिकाने न रहना। चित्त विह्वल होना। हृदय व्याकुल होना। मूर्च्छा आना। जी डूबना। |
| जी पक जाना | किसी अप्रिय बात को नित्य देखते देखते या सुनते सुनते चित्त दुखी हो जाना। किसी बार बार होने वाली बात का चित्त को असह्य हो जाना। और अधिक सहने की सामर्थ्य चित्त में न रहना। |
| जी पकड़ लेना | कलेजा थामना। किसी असह्य दुःख के वेग को दबाने के लिए हृदय या छाती पर हाथ रख लेना। |
| जी पकड़ा जाना | मन में सन्देह पड़ जाना। माथा ठनकना। कोई भारी खटका पैदा हो जाना। कोई भारी आशंका चित्त में उठना। |

**जी पड़ना**
शरीर में प्राण का संचार होना। मृतक के शरीर में प्राण का संचार होना।

**जी पर आ बनना**
प्राणों पर आ बनना। प्राण बचाना कठिन हो जाना। ऐसे भारी संकट या झंझट में फंस जाना कि पीछा छुड़ाना कठिन हो जाय।

**जी पर खेलना**
प्राण को संकट में डालना। जान को आफत में डालना। ऐसा काम करना जिसमें प्राण जाने का भय हो। (बड़े साहस का काम करना)

**जी पानी करना**
लहू पानी एक करना। प्राण देने और लेने की नौबत आना। भारी आपत्ति खड़ी करना। चित्त कोमल या दयार्द्र करना।

**जी पानी होना**
चित्त कोमल या दयार्द्र होना।

**जी पिघलना**
दया में हृदय द्रवित होना। चित्त का दयार्द्र होना। हृदय का प्रेमार्द्र होना। चित्त में स्नेह का संचार होना।

**जी पीछे पड़ना**
दिल बहलाना। चित्त बंटना। मन का किसी ओर लग जाना जिसमें दुःख की बात कुछ भूल जाय।

**जी पोढ़ा करना**
जी कड़ा करना। चित्त को दृढ़ करना जिससे भय, पीड़ा, दुःख आदि से विचलित न हो।

**जी फट जाना**
हृदय मिला न रहना। चित्त में पहले का सा सद्भाव या प्रेमभाव न रह जाना। प्रीति भंग होना। प्रेम में अन्तर पड़ जाना। चित्त विरक्त होना। किसी की ओर से चित्त खिन्न हो जाना।

**जी फिर जाना**
मन हट जाना। चित्त विरक्त हो जाना। चित्त अनुरक्त न रहना। हृदय में घृणा या अरुचि उत्पन्न हो जा[ना]।

**जी फिरना**
चित्त प्रवृत्त न रहना। चित्त उचट जाना। चित्त हट जाना। विरक्त हो जाना।

**चित्त फिसलना**
चित्त का (किसी ओर) आकर्षित होना। मन रिझना। हृदय अनुरक्त होना। मन मोहित होना। मन लुभाना। मन प्रवृत्त होना।

चित्त फीका होना — चित्त हट जाना। मन फिर जाना या विरक्त होना। अनुराग न रहना। घृणा होना।

जी बंटना — जी बहलाना। चित्त का किसी ओर इस प्रकार लग जाना कि कोई दुःख या चिंता की बात भूल जाय। चित्त का एकाग्र न रहना। चित्त का एक विषय में पूर्ण रूप से न लगा रहना। दूसरी बातों की ओर भी चला जाना। ध्यान स्थिर न रहना। ध्यान भंग होना। मन उचटना। एकान्त प्रेम न रहना। एक व्यक्ति के अतिरिक्त दूसरे व्यक्ति से भी प्रेम हो जाना। अनन्य प्रेम न रहना।

जी बढ़ना — चित्त प्रसन्न या उत्साहित होना। हौसला बढ़ना। साहस बढ़ना। हिम्मत आना।

जी बढ़ाना — उत्साह बढ़ाना। किसी विषय में प्रवृत्त करने के लिए उत्तेजित करना। प्रशंसा, पुरस्कार आदि द्वारा किसी काम में अधिक रूचि उत्पन्न करना। हौसला बढ़ाना। किसी कार्य की सफलता की आशा बंधाकर अधिक उत्साह उत्पन्न करना। किसी कार्य में होने वाली बाधा या कठिनाई के दूर होने का निश्चय दिलाकर उसकी ओर अधिक प्रवृत्ति उत्पन्न करना। साहस दिलाना। हिम्मत बंधाना।

जी बहलना — चित्त का किसी विषय में लगकर आनन्द अनुभव करना। चित्त का आनन्दपूर्वक लीन होना। मनोरंजन होना। चित्त के किसी विषय में लग जाने से दुःख या चिन्ता की बात भूल जाना।

जी बहलाना — रूचि के अनुकूल किसी विषय में लगाकर चित्त प्रसन्न करना। ध्यान को किसी ओर लगाकर आनन्द अनुभव करना। मनोरंजन करना। चित्त को किसी ओर लगाकर दुःख या चिन्ता की बात भूल जाना।

जी बिखरना — चित्त ठिकाने न रहना। मन विह्वल होना। मूर्च्छा आना।

जी बिगड़ना — जी मचलाना। मतली छूटना। जी मिटकना। घृणा करना। घिन मालूम होना।

**जी बुरा करना**
कै करना। उल्टी करना। वमन करना। किसी के प्रति अच्छा भाव न रखना। किसी के प्रति बुरी धारणा रखना। किसी के प्रति घृणा या क्रोध करना। दूसरे का ख्याल खराब करना। बुरी धारणा उत्पन्न करना। क्रोध,घृणा या दुर्भाव उत्पन्न करना।

**जी बुरा होना**
उलटी होना। ख्याल खराब होना। चित्त में दुर्भाव या घृणा उत्पन्न होना।

**जी बैठ जाना**
दिल डूबना। चित्त का अति खिन्न होना।

**जी बैठा जाना**
चित्त विह्वल होता जाना। चित्त ठिकाने न रहना। चैतन्य न रहना। मूर्छा सी आना। मन मरना। उदासी होना। मन का धैर्य नष्ट होता जाना।

**जी भर आना**
हृदय का करुणा या शोक के आवेग से पूर्ण होना। चित्त में दुःख या करुणा का उद्रेक होना। दुःख या दया उमड़ना। हृदय में इतने दुःख या दया का वेग उठना कि आंखों में आंसू आजाय। हृदय का करुणा से विह्वल होना।

**जी भरकर**
जितना और जहां तक जी चाहे। मन माना। यथेच्छ।

**जी भरना**
चित्त सन्तुष्ट होना। तुष्टि होना। तृप्ति होना। मन अघाना। और अधिक की इच्छा न रह जाना। मन की अभिलाषा पूरी होने से आनन्द और सन्तोष होना। चित्त विश्वास पूर्ण करना। चित्त का सन्देह दूर करना। चित्त से किसी बात की बुराई या धोखा आदि खाने की आशंका दूर करना। खटका मिटाना। रुचि के अनुकूल होना। मन मानना। मन में घृणा न होना। दूसरे का सन्देह दूर करना। खटका मिटाना।

**जी भरभरा उठना**
रोमांच होना। हृदय के किसी आकस्मिक आवेग से चित्त विह्वल हो जाना।

**जी भारी करना**
चित्त खिन्न या दुखी करना।

**जी भारी होना**
तबीयत अच्छी न होना। किसी रोग या पीड़ा आदि के कारण सुस्ती जान पड़ना। शरीर अच्छा न रहना। अनमना होना।

| | |
|---|---|
| जी मिटकना | चित में घृणा होना। घिन मालूम होना। |
| जी भुरभुराना | किसी की ओर चित्त आकर्षित होना। मन लुभाना। मन मोहित होना। |
| जी मतलाना | चित्त में उलटी करने की इच्छा होना। वमन करने को जी चाहना। |
| जी मर जाना | मन में उमंग न रह जाना। हृदय का उत्साह नष्ट होना। मन उदास हो जाना। |
| जी मलमलाना | चित्त में दुःख या पछतावा होना। |
| जी मारना | चित्त की उमंग को रोकना। हृदय का उत्साह नष्ट करना। सन्तोष धारण करना। |
| जी मिलना | चित्त के भाव का परस्पर समान होना। हृदय का भाव एक होना। समान प्रवृत्ति होना। एक मनुष्य के भावों का दूसरे मनुष्य के भावों के अनुकूल होना। |
| जी में आना | मन में भाव उठना। चित्त में विचार उत्पन्न होना। मन में इच्छा होना। जी चाहना। संकल्प होना। |
| जी में गड़ना | मन में बस जाना। |
| जी में घर करना | मन में स्थान करना। हृदय में किसी का ध्यान जम जाना। हृदय में बराबर किसी का ध्यान बना रहना। |
| जी में खुभना | चित्त में जम जाना। हृदय पर गहरा प्रभाव करना। मर्म भेदना। हृदय में अंकित हो जाना। चित्त में बराबर ध्यान बना रहना। उ०- माधव मूरति जिय में खुभी। सूर। |
| जी में जलना | हृदय में क्रोध के कारण सन्ताप होना। मन में कुढ़ना। मन ही मन ईर्ष्या करना। डाह करना। |
| जी में जी आना | चित्त ठिकाने होना। चित्त की घबराहट दूर होना। चित्त शांत और स्थिर होना। चित्त की चिंता या व्यग्रता दूर होना। किसी बात की आशंका या भय मिट जाना |
| जी में जी डालना | चित्त सन्तुष्ट और स्थिर होना। चित्त का खटका दूर करना। चिंता मिटाना। विश्वास दिलाना। |

जी में धंसना — चित्त में प्रभाव उत्पन्न करना। मन में निश्चय या विश्वास उत्पन्न करना। हृदय में अंकित होना। अच्छा लगने के कारण ध्यान में बराबर रहना। चित्त से न हटना। ध्यान पर बराबर चढ़ा रहना।

जी में धरना — मन में लाना। चित्त में किसी बात का इसलिए ध्यान बनाये रहना जिसमें आगे चलकर उसके अनुसार कोई कार्य करें। मन में बुरा मानना। बैर रखना। उ०- माधव जू जो जन ते बिगरै। तउ कृपालु करूणामय केशव प्रभु नहिं जीय धरै। सूर।

जी में पैठना — चित्त में जम जाना। हृदय पर गहरा प्रभाव करना। मर्म भेदना। ध्यान में अंकित होना। बराबर ध्यान में बना रहना। चित्त से न हटना या भूलना।

जी में बसना — दिल में घर कर लेना। सदा याद रहना।

जी में बैठना — मन में स्थिर होना। चित्त में निश्चय होना। मन में सत्य प्रतीत होना। हृदय पर गहरा प्रभाव करना। हृदय पर अंकित हो जाना। ध्यान में बराबर बना रहना।

जी में रखना — चित्त में विचार धारण करना। ख्याल बनाये रखना। चित्त में इसलिए किसी बात का ध्यान बनाये रहना जिसमें आगे चलकर उसके अनुसार कोई कार्य करें। बुरा मानना। बैर रखना। द्वेष रखना। हृदय में गुप्त रखना। हृदय के भाव को बाहर न प्रकट करना। मन में लिए रहना।

(किसी का) जी रखना — मन रखना। मन की बात होने देना। मन की अभिलाषा पूरी करना। इच्छा पूरी करना। उत्साह भंग न करना। प्रसन्न करना। सन्तुष्ट करना।

जी रुकना — जी घबराना। जी हिचकना। चित्त प्रवृत्त न होना।

जी लगना — चित्त तत्पर होना। मन का किसी विषय में योग देना। चित्त प्रवृत्त होना। चित्त का प्रेमासक्त होना। किसी से प्रेम होना।

जी लगाना — तत्पर होना। दत्तचित्त होना। दिल लगाना।

| | |
|---|---|
| जी लगा होना | ध्यान बना रहना। जी में खटका लगा रहना। चित्त चिन्तित रहना। चिन्ता लगी रहना। |
| जी लड़ाना | प्राण जाने की भी परवाह न करके किसी विषय में तत्पर होना। मन का पूर्ण रूप से योग देना। पूरा ध्यान देना। |
| जी लरजना | कलेजा कांपना। |
| जी ललचना | जी में लालच होना। चित्त में किसी बात के लिए प्रबल इच्छा होना। किसी वस्तु के प्राप्त करने की प्रबल इच्छा होना। चित्त आकर्षित होना। मन लुभाना। मन मोहित होना। |
| जी ललचाना | चित्त में लालच उत्पन्न करना। किसी बात के लिए प्रबल इच्छा उत्पन्न करना। मन लुभाना। मन मोहित करना। |
| जी लुटना | मन मोहित होना। मन मुग्ध होना। हृदय प्रेमासक्त होना। |
| जी लुभाना | चित्त आकर्षित करना। मन मोहित करना। हृदय में प्रीति उपजाना। सौन्दर्य आदि गुणों के द्वारा मन खींचना। चित्ताकर्षित होना। मन मोहित होना। |
| जी लूटना | मन मोहित करना। चित्त आकर्षित करना। |
| जी लेना | जी चाहना। जी करना। चित्त का इच्छुक होना। प्राण हरण करना। मार डालना। |
| जी लोट जाना | किसी चीज के लिए दिल का बेचैन हो जाना। |
| जी लोटना | जी छटपटाना। किसी वस्तु की प्राप्ति या और किसी बात के लिए चित्त व्याकुल होना। चित्त का अत्यन्त इच्छुक होना। ऐसी इच्छा होना कि रहा न जाय। |
| जी सन्न होना | चित्त स्तब्ध हो जाना। जी घबरा जाना। डर के मारे चित्त ठिकाने न रहना। होश उड़ जाना। |

जी सनसनाना — चित्त स्तब्ध होना। भय, आशंका आदि से अंगों को गति शिथिल हो जाना। चित्त विह्वल होना।

जी सांय सांय करना — चित्त स्तब्ध होना। चित्त विह्वल होना। भय, आशंका आदि से अंगों की गति शिथिल हो जाना।

जी से — जी लगाकर। ध्यान देकर। पूर्ण रूप से। दत्तचित्त होकर

जी से उतर जाना — दृष्टि से गिर जाना। इच्छा या चाह न रह जाना स्नेह या श्रद्धा न रह जाना। चित्त में विरक्ति हो जाना। भला न जंचना। हेय या तुच्छ हो जाना।

जी से जाना — प्राण विछिन्न होना। मर जाना। जान खो बैठना।

जी से जी मिलना — हृदय के भाव परस्पर एक होना। मैत्री का व्यवहार होना। चित्त में एक दूसरे से प्रेम होना। परस्पर प्रीति होना।

जी हजूरी करना — चापलूसी या खुशामद करना।

जी हट जाना — चित्त विरक्त हो जाना। चित्त प्रवृत्त या अनुरक्त न रह जाना। इच्छा या चाह न रह जाना।

जी हवा हो जाना — किसी भय या आशंका की बात से चित्त ठिकाने न रह जाना। किसी भय, दु:ख या शोक के सहसा उपस्थित होने पर चित्त स्तब्ध हो जाना। चित्त विह्वल हो जाना। चित्त घबरा जाना। चित्त व्याकुल हो जाना।

जी ~~चित्त~~ हवा होना — प्राण निकल जाना। मृत्यु होना।

(किसी का) जी अपने हाथ में रखना — किसी का भाव अपने प्रति अच्छा रखना। किसी को प्रसन्न रखना। मन मैला न होने देना। जी में किसी प्रकार खटका न पैदा होने देना।

जी हाथ में लेना — किसी का भाव अपने प्रति अच्छा रखना। किसी को प्रसन्न रखना।

जी हारना — किसी काम से घबरा या ऊब जाना। हैरान होना हिम्मत हारना। साहस छोड़ना।

**जी हिलना** — भय से हृदय कांपना।जी दहलना।करुणा से हृदय क्षुब्ध होना।दया से चित्त उद्विग्न होना।

**जीता जागता** — जीवित और सचेत।भला चंगा।

**जीता लहू** — देह से ताजा निकला हुआ खून।

**जीती मक्खी निगलना** — जान बूझकर कोई अनुचित या अन्याय पूर्ण कार्य करना।सरासर बेईमानी करना।जान बूझकर बुराई में फंसना।जान बूझकर आपत्ति या संकट में पड़ना।जान बूझकर कोई ऐसा अनुचित कृत्य या पाप करना जिसके कारण पीछे से हानि हो।दोष या अनौचित्य की ओर ध्यान न देना।

**जीते जी** — जीवित अवस्था में।जिन्दगी रहते हुए।उपस्थिति में।बने रहते।जब तक जीवन है।जिन्दगी भर।

**जीते जी मर जाना** — जीवन में ही मृत्यु से बढ़कर कष्ट भोगना।किसी भारी विपत्ति या मानसिक आघात से जीवन भव भारी होना।जीवन का सारा सुख और आनन्द जाता रहना।जीवन नष्ट होना।

**जीते-मरते** — किसी तरह।बड़ी कठिनाई से।

**जीते रहो** — बहुत दिनों जियो(आशीर्वाद)।

**जीनत देना** — शृंगाररूप होना।शोभा बढ़ाना।

**जीनत बख्शना** — शृंगाररूप होना।शोभा बढ़ाना।

**जीना दूभर हो जाना** — जीवन का भाररूप या कठिन हो जाना।

**जीना भारी हो जाना** — जीवन कष्टमय हो जाना।जीवन का सुख और आनन्द जाता रहना।

**जीने का मज़ा** — जीवन का सुख।

**जीभ करना** — बढ़ बढ़कर बोलना।ढिठाई से उत्तर देना।

**(किसी की) जीभ के नीचे जीभ होना** — (किसी का)अपनी कही हुई बात का बदल जाना एक बार कही हुई बात पर स्थिर न रहना।झूठ बोलने की आदत होना।

| | |
|---|---|
| जीभ खोलना | मुंह से कुछ बोलना।शब्द निकालना। |
| जीभ गिरना | स्वादिष्ट भोजन को लालायित होना। |
| जीभ चलना | भिन्न भिन्न वस्तुओं का स्वाद लेने के लिए जीभ का हिलना डोलना।स्वाद के अनुभव के लिए जिह्वा का चंचल होना।चटोरेपन की इच्छा होना।उ०- जीभ चलै बल ना चलै,वहै जीभ जरि जाय।बहुत बकना। बढ़ बढ़ कर बात करना। |
| जीभ चलाना | = बहुत बोलना। अनुचित या अनावश्यक बातें करना। |
| जीभ थोड़ी करना | कम बोलना।बकवाद कम करना।अधिक न बोलना। उ०- मेरो गोपाल तनक सो कहा करि जानै दधि को चोरी।हाथ नचावति आवति ग्वालिनि जीभ न करही थोरो। सूर। |
| जीभ निकालना | जीभ बाहर करना।जीभ खींचना।जीभ उखाड़ लेना। |
| जीभ पकड़ना | बोलने न देना।बोलने से रोकना। |
| जीभ बढ़ाना | चटोरेपन की आदत होना। |
| जीभ बन्द करना | बोलना बन्द करना।जबान न खोलना।चुप रहना। |
| जीभ लड़खड़ाना | ठीक ठीक या पूरे शब्द और वाक्य मुंह से न निकलना।मुंह से स्पष्ट शब्द न निकलना।टूटे फूटे शब्द या वाक्या निकलना।मुंह से रुक रुक कर शब्द निकलना। |
| जीभ लड़ना | = बकबक करना। बहुत बोलना। |
| जीभ लपलपाना | चखने की इच्छा या लोभ करना। |
| जीभ रोकना | कुपथ्य या कुत्सित भाषण न करना। |
| जीभ हिलाना | मुंह खोलना।बोलना। |
| जीवन भरना | जीवन व्यतीत करना।जिन्दगी के दिन काटना। |
| जीविका लगना | भरण-पोषण का उपाय होना।रोजी का ठिकाना होना। |
| जीविका लगाना | भरण-पोषण का उपाय करना।जीवन निर्वाह का उपाय करना।रोजी का ठिकाना करना। |

| | |
|---|---|
| जुंबिश खाना | हिलना डोलना। इधर उधर होना। |
| जुकाम बिगड़ना | जुकाम का सूख जाना। |
| (मेंढकी को) जुकाम होना | छोटे आदमी में भी बड़ों की बराबरी करने का हौसला होना। |
| जुग जुग | चिर काल तक। बहुत दिनों तक। |
| जुग टूटना | किसी समुदाय के मनुष्यों का परस्पर मिला न रहना। अलग अलग हो जाना। दल टूटना। मंडल तितर बितर होना। किसी दल या मंडली में एकता या मेल न रहना। |
| जुग फूटना | जोड़ा खंडित होना। साथ रहनेवाले मनुष्यों में से किसी एक का न रहना। फूट पड़ना। |
| जुगत लगाना | जोड़-तोड़ बैठाना। ढंग रचना। उपाय करना। |
| जुदा करना | नौकरी से छुड़ाना। काम से अलग करना। |
| जुमा जुमा आठ दिन | थोड़े दिन। चंद रोज। |
| जुलाहा की सी दाढ़ी | छोटी, नोकदार दाढ़ी। |
| जुलाहे का तीर | झूठी बात। |
| जुल्म टूटना | संकट आ पड़ना। |
| जुल्म ढाना | अत्याचार करना। कोई अद्भुत काम करना। |
| जुल्म तोड़ना | अत्याचार करना। |
| जूं की चाल | बहुत धीमी चाल। |
| (कानों पर) जूं न रेंगना | स्थिति पर ध्यान न जाना। होश न होना। |
| जूठी पत्तल | अच्छिष्ट। जूठा। उ०- जूठी पातर भखत है वारी वायस स्वान। राम प्रवीन। |
| जूठे हाथ से कुत्ता न मारना | अत्यधिक कंजूस होना। |
| जूता उछलना | जूतों से मार-पीट होना। लड़ाई दंगा होना। झगड़ा होना। |

| | |
|---|---|
| जूता उठाना | मारने के लिए जूता हाथ में लेना। किसी का दासत्व करना। किसी को हीन से हीन सेवा करना। चापलूसी करना। खुशामद करना। |
| जूता गांठना | फटा हुआ जूता सीना। चमार का काम करना। नीच काम करना। |
| जूता चलना | जूतों से मार-पीट होना। लड़ाई दंगा होना। झगड़ा होना। |
| जूता चाटना | अपनी प्रतिष्ठा का ध्यान न रखकर दूसरे की शुश्रुषा करना। खुशामद करना। चापलूसी करना। |
| जूता जड़ना | जूता मारना। |
| जूता देना | जूता मारना। |
| जूता पड़ना | जूतों की मार पड़ना। उपानह प्रहार होना। मुंह तोड़ जवाब मिलना। किसी अनुचित बात का कड़ा और मर्म भेदी उत्तर मिलना। ऐसा उत्तर मिलना कि फिर कुछ कहते सुनते न बने। घाटा होना। हानि होना। |
| जूता पहनना | जूता मोल लेना। |
| जूता बरसना | जूतों की मार पड़ना। उपानह प्रहार होना। |
| जूता मारना | जूते से मारना। मुंह तोड़ जवाब देना। किसी अनुचित बात का ऐसा कड़ा उत्तर देना कि दूसरे से फिर कुछ कहते सुनते न बने। |
| जूता लगना | जूते की मार पड़ना। मुंह तोड़ जवाब मिलना। किसी अनुचित कार्य का बुरा फल प्राप्त होना। हानि होना। घाटा पड़ना। अपमानित होना। |
| जूता लगाना | अपमानित करना। लथेड़ना। |
| जूतियां उठाना | नीच सेवा करना। दासत्व करना। |
| जूतियां खाना | जूतियों से पिटना। ऊंचा नीचा सुनना। भला बुरा सुनना। कड़ी बातें सहना। अपमान सहना। |

| | |
|---|---|
| जूतियां गांठना | फटी हुई जूतियों को सीना। अत्यन्त तुच्छ काम काम करना। निकृष्ट व्यवसाय करना। |
| जूतियां चटकाना = | मारा मारा फिरना। |
| जूतियां चटखाते फिरना | मारा मारा फिरना। दुर्दशाग्रस्त होकर घूमना। व्यर्थ इधर उधर घूमना। |
| जूतियां बगल में दबाना | चुपचाप भागना। धीरे से चलता बनना। खिसकना। |
| जूतियां मारना | जूता लगाना। |
| जूतियां सिर पर रखना | चापलूसी करना। |
| जूतियां सीधी करना | निकृष्ट सेवा करना। दासत्व करना। |
| (किसी की) जूतियों का सदका | (किसी के) चरणों का प्रसाद। |
| जूतियों दाल बंटना | आपस में लड़ाई झगड़ा होना। वैर विरोध होना। लड़ाई फूट होना। आपस में न पटना। |
| जूती की नोक पर मारना | कुछ न समझना। तुच्छ समझना। कुछ परवाह न करना |
| जूती की नोक से | (मेरी) बला से। कुछ परवाह नहीं। |
| जूती के बराबर न समझना | तुच्छ, हेय या कुछ न समझना। |
| जूती चढ़ना | यात्रा का आगम दिखाई पड़ना। |
| जूती चाटना | खुशामद करना। चापलूसी करना। |
| जूती देना | जूती से मारना। |
| जूती पर मारना | कुछ न समझना। तुच्छ समझना। |
| जूती पर रख कर रोटी देना | अपमान के साथ खाने पीने को देना। निरादर के साथ रखना या पालना। |
| जूते का आदमी | ऐसा आदमी जो बिना जूता खाये ठीक काम न करे। |
| जूते खाना | जूतों की मार खाना। जूतों का प्रहार सहना। बुरा भला सुनना। ऊंचा नीचा सुनना। तिरस्कृत होना। |
| जूते से खबर लेना | जूते से मारना। |

| | |
|---|---|
| जूतों दाल बंटना | आपस में लड़ाई झगड़ा होना। परस्पर वैर विरोध होना। अनबन होना। |
| जूतों से आना | जूतों से मारना। जूते लगाना। जूते से मारने के लिए तैयार होना। |
| जूतों से खबर लेना | जूतों से मारना। |
| जूतों से बात करना | जूते मारना। जूते लगाना। |
| जूस देना | उबली हुई दाल का पानी पिलाना। |
| जूस लेना | उबली हुई दाल का पानी पीना। रोगी का कुछ सशक्त होकर खाने पीने लायक होना। |
| जेठा रंग | वह रंग जो कई बार की रंगाई में सबसे अन्तिम बार रंगा जाय। |
| जेब कतरना | जेब काटकर रूपया पैसा निकाल लेना। गांठ काटना |
| जेब खाली होना | पास में कुछ न होना। हाथ खाली होना। |
| जेब भारी होना | पास में काफी पैसा होना। |
| ज़ेब तन, बदन करना | धारण करना। पहनना। |
| ज़ेर करना | हराना। पछाड़ना। अधीन करना। |
| जेल काटना | कैद की सजा भुगतना। |
| जेहन खुलना | बुद्धि का तीक्ष्ण होना। |
| जे    नशीन होना | समझ में आना। याद होना। |
| जे    में बैठना | समझ में आना। मन में बैठना। |
| जे    लड़ाना | सोचना। |
| ज़ेबा देना | शोभित होना। शोभा देना। |
| जैसा चाहिए | उपयुक्त। ठीक। जैसा उचित हो। |
| जैसे का तैसा | ज्यों का त्यों। जैसा पहले था, वैसा ही। |
| जैसे को तैसा | जो जैसा व्यवहार करे उसके साथ वैसा ही व्यवहार करनेवाला। एक ही स्वभाव और प्रकृति का। |

| | |
|---|---|
| | उ०- जैसे को तैसा मिले, मिले नीच को नीच। पानी को पानी मिले, मिले कीच को कीच। |
| जैसे जैसे | जिस क्रम से। ज्यों ज्यों। |
| जैसे तैसे | किसी प्रकार। बहुत यत्न करके। बड़ी कठिनता से। उ०- जैसे तैसे फिरेउ निषाद। |
| जैसे बने | जिस प्रकार सम्भव हो। जिस तरह हो सके। |
| जैसे हो | जिस प्रकार सम्भव हो। जिस तरह हो सके। |
| जों तों करके | बड़ी कठिनता से। |
| जो हुआ सो हुआ | बीती बात जाने दो। जो हुआ वह अब और न होगा उ०- जाहु लला। जो भई सो भई अब नेह की बात चलाइए ना। |
| जोखिम उठाना | ऐसा काम करना जिसमें भारी अनिष्ट की आशंका हो। |
| जोखिम में डालना | हानि में डालना। |
| जोखिम में पड़ना | जोखिम उठाना। |
| जोखिम लेना | जोखिमवाला काम करना। हानि या अनिष्ट का खतरा लेने को तैयार होना। |
| जोखिम सहना | ऐसा काम करना जिसमें भारी अनिष्ट की आशंका हो। |
| जोड़ का तोड़ | बराबरी का, जवाब। |
| जोड़ छूटना | पहलवानों के एक जोड़ का कुश्ती के लिए अखाड़े में उतारा जाना। |
| जोड़-जोड़कर धरना | पैसा-पैसा करके धन बटोरना। |
| जोड़ तोड़ मिलना | समान होना। |
| जोड़ बदना | दो पहलवानों की कुश्ती बदी जाना। |

| | |
|---|---|
| जोड़ बटोरकर | कुछ मिलाकर। |
| जोड़ बांधना | कुश्ती के लिए बराबरी के दो पहलवानों को चुनना। किसी काम पर अलग अलग दो आदमियों को नियत करना। चौपड़ में दो गोटियों का एक ही घर में रखना। |
| जोड़ मिलना | बराबर का होना। तुक मिलना। |
| जोड़ा खाना | पशु-पक्षियों के नर मादे का प्रसंग। |
| जोड़ी मिलाना | बराबरी की चीज सामने लाकर रखना। तुलना करना। उपमा करना। |
| जोबन उतरना | युवावस्था समाप्त होना। |
| जोबन चढ़ना | युवावस्था का सौन्दर्य आना। |
| जोबन ढलना | युवावस्था समाप्त होना। युवावस्था के चिन्हों का जाता रहना। जवानी का उतार होना। |
| जोबन पर आना | सुन्दरता का खिल उठना। बहार पर होना। |
| जोबन लूटना | (किसी स्त्री को) युवावस्था का आनन्द लेना। |
| जोर आजमाना | बल परीक्षा करना। भिड़ना। बराबरी करना। |
| ज़ोर करना | बल का प्रयोग करना। ताकत लगाना। प्रयत्न करना। कोशिश करना। प्रबलता दिखलाना। बढ़ना। |
| ज़ोर चलना | बस चलना। |
| ज़ोर टूटना | बल घटना या नष्ट होना। प्रभाव कम होना। शक्ति घटना। |
| ज़ोर डालना | बोझ डालना। बल का प्रयोग करना। दबाव डालना। |
| ज़ोर दिखाना | शक्ति, अधिकार का परिचय देना। |
| ज़ोर देकर कहना | किसी बात को अत्यधिक दृढ़ता या आग्रह से कहना। |
| ज़ोर देना | बल का प्रयोग करना। ताकत लगाना। बोझ डालना। मार देना। किसी बात को बहुत ही आवश्यक या महत्वपूर्ण बतलाना। आग्रह करना। किसी बात के लिए |

हठ करना। शतरंज के मुहरे को दूसरे मुहरे का सहारा देना।

**ज़ोर पकड़ना** — प्रबल होना। तेज होना। बढ़ना।

**ज़ोर बांधना** — प्रबल होना। तेज होना। बल प्राप्त करना।

**ज़ोर मारना** — प्रबलता दिखलाना। बल का प्रयोग करना। बहुत प्रयत्न करना।

**ज़ोर में आना** — ऐसी स्थिति में पहुंचना जहां अनायास ही उन्नति या वृद्धि हो जाय।

**ज़ोर लगाना** — बल का प्रयोग करना। अत्यधिक प्रयत्न करना।

**ज़ोरों पर** — बड़े वेग से। बड़ी तेजी से। भरोसे। सहारे।

**ज़ोरों पर होना** — पूरे बल पर होना। बहुत तेज होना। खूब उन्नत दशा में होना।

**ज़ोरों से** — जोर देकर। बहुत आग्रह के साथ।

**जोश खाना** — उबलना। उफनना। खौलना।

**जोश देना** — (पानी के साथ) उबालना।

**जोश मारना** — उबलना। उमड़ना। मथना।

**जोश में आना** — उत्तेजित हो उठना। आवेश में आना। क्रुद्ध होना।

**जौहर खुलना** — गुण का विकास होना। गुण प्रकट होना। खूबी जाहिर होना। करतब प्रकट होना। भेद खुलना। कार्य-वाही प्रकट होना।

**जौहर खोलना** — गुण प्रकट करना। उत्कर्ष दिखाना। खूबी जाहिर करना। करतब दिखलाना।

**जौहर होना** — चिता पर जल मरना। उ०- जौहर भंइ सब स्त्री पुरुष भये सँ ग्राम। जायसी।

ज्यों का त्यों = ठीक वैसा ही।
ज्यों त्यों = किसी न किसी प्रकार।
ज्यों ज्यों = जिस क्रम से। जिस मात्रा से। जितना।

**ज्योनार बैठना** — अतिथियों का भोजन करने बैठना।

झगने

| | |
|---|---|
| ज्यौनार लाना | अतिथियों के सामने रखने के लिए व्यंजनों को क्रम से लाकर रखना। |
| ज्वाला फूंकना | गर्मी उत्पन्न करना। शरीर में दाह उत्पन्न करना। |